## खबर संक्षेप

### पार्षद ज्योति के ससुर का निधन


वेद सिंह राठी

**बहादुरगढ़।** वार्ड नंबर-16 की पार्षद ज्योति राठी के ससुर वेद सिंह राठी का बुधवार को निधन हो गया। करीब 80 वर्षीय वेद राठी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। शहर के रामबाग श्मशान घाट में उनकी अंत्येष्टि हुई। उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर प्रधान जसवंत राठी, इनेलो नेता कपूर राठी, सतपाल राठी, वजीर राठी, पूर्व चेयरमैन रवि खत्री, अशोक शर्मा, युवराज छिल्लर, ईओ संजय रोहिल्ला, पार्षद विजेंद्र दलाल, सचिन दलाल, विशाल गर्ग, राजेश तंवर, योगेश धनखड़, भूपेंद्र राठी, राजेश सैनी, पवन रोहिल्ला, शशि कुमार, जसबीर सैनी, खेमचंद भारद्वाज, अशोक राठी, राजबीर परनाला, रामनिवास सैनी, हरिमोहन धाकरे, राजकुमार राठी आदि ने शामिल होकर परिवार को सांत्वना दी।

### मेरे शीश के दानी का सारे जग में डंका बाजे..

**झज्जर।** श्री प्राचीन खाटू श्याम मंदिर में संकीर्तन का आयोजन किया गया। पंडित विनय कुमार ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण बर्बरीक के बलिदान को देखकर काफी प्रसन्न हुए थे और उन्हें वरदान दिया था कि कलियुग में वे श्याम के नाम से पूजे जाएंगे। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से खाटू श्याम का नाम लेता है और प्रेम-भाव से खाटू श्याम की पूजा करता है, खाटू श्याम उसकी मनोकामना पूरी करते हैं। श्याम सेवा प्रचार मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सुरेंद्र बुद्धिराजा, गौरव, मोहित वर्मा, गौरव कौशिक, हेमंत नंदा, रोहित कटारिया ने भजनों की प्रस्तुति दी। सुरेंद्र, हेमंत नंदा, रोहित कटारिया ने मेरे शीश के दानी का सारे जग में डंका बाजे. सुरेंद्र बुद्धिराजा ने गणेश वंदना और जब से देखा तुम्हे, जाने क्या हो गया, ए खाटू वाले श्याम मैं तेरा हो गया, तू दाता है तेरा पुजारी हूं मैं, तेरे दर का ए बाबा भिखारी हूं मैं। तेरी चौखट पे दिल है मेरा खो गया, ए मुरली वाले श्याम मैं तेरा हो गया..भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

## कई स्थानों पर आयोजित हुए गुरु संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह

# रविदास की वाणी से हुआ कुरीतियों का खात्मा : जून

■ आयोजकों ने विधायक राजेश जून का स्मृति चिन्ह भेंटकर व पगड़ी बांधकर सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने बुधवार को कई स्थानों पर आयोजित गुरु संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह एवं भंडारा कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरू रविदास द्वारा दी गई सर्वसमाज के उत्थान की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने से समाज में भाईचारे की भावना बढ़ाई जा सकती है। विधायक राजेश जून ने मेट्रो कॉलोनी के निकट संत शिरोमणि गुरु रविदास कॉलोनी, शंकर गार्डन में गुरु रविदास सभा, नूना माजरा, बराही गांव, जाखोदा, आसौदा, जसोरखेड़ी व लुहारहेड़ी गांव में संत गुरु रविदास जयंती पर आयोजित भंडारा कार्यक्रमों में शिरकत की। आयोजकों ने विधायक राजेश जून का स्मृति चिन्ह भेंटकर व पगड़ी बांधकर सम्मान किया। विधायक राजेश जून ने कहा कि संत हमारी संस्कृति और सभ्यता के सदैव ध्वजवाहक रहे हैं। संतों ने अपनी वाणी के जरिए समाज में नई चेतना पैदा की है। गुरू रविदास किसी जाति विशेष के नहीं, बल्कि सभी वर्गों के लिए स्मरणीय रहे हैं। विधायक राजेश जून ने कहा कि उनकी दी हुई शिक्षाओं को आमजन को अपने जीवन में अपनाना चाहिए, ताकि समाज में भाईचारे और शांति की भावना पैदा की जा सके। विधायक राजेश जून ने कहा कि संत गुरू रविदास की वाणी से सामाजिक कुरीतियों का अंत हुआ।


बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून को स्मृति चिह्न देते गुरु रविदास सभा के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## मानव जीवन सभी प्राणियों में श्रेष्ठ : महंत



**झज्जर।** माजरा दूबलधन स्थित तपोभूमि जटेला धाम में बुध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। सत्संग के दौरान जटेला धाम के महन्त राजेंद्र दास ने साध संगत को संबोधित करते हुए कहा कि साधु-संतों का जीवन लोगों को भक्ति मार्ग की तरफ अग्रसर करना, उनकी आध्यात्मिक जिज्ञासा शांत करना और सतकर्म पर चलने की प्रेरणा देने वाला होता है। लेकिन आधुनिक युग में लोग उन्हीं साधु-संतों को ज्यादा महत्त्व देते हैं जो अत्यधिक आडंबर और दिखावा करते हैं। प्रभु ने मानव जीवन को सभी प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ बनाया है लेकिन इंसान ईश्वर भक्ति को भूल कर एक-दूसरे से ईर्ष्या और द्वेष की भावना रखता है। उन्होंने महान सन्त शिरोमणि रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास ने अपने जप व तप से गंगा मैया को भी कठौती में अवतरित कर दिया था। हमें ऐसे महान संत के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शों को जीवन में ढालने की कोशिश करनी चाहिए।


झज्जर। माल्यार्पण उपरांत कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### माल्यार्पण के साथ गुरु रविदास को दी श्रद्धांजलि

**झज्जर।** संत गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में क्षेत्र के गांव चमनपुरा में कार्यक्रम का आयोजन कर श्रद्धालुओं द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। गांव की चौपाल में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम वासियों ने गुरु रविदास व बाबा साहेब बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान मास्टर ओमप्रकाश ने कहा कि गुरु रविदास ने लोगों को भाईचारे की भावना के साथ रहने का संदेश दिया। हमें भी उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहना चाहिए। इस मौके पर महेंद्र सिंह, धनसिंह, जिले सिंह, रामधन रंगा, बलवंतराय रंगा, मास्टर रणवीर, प्रदीप रंगा, राज रंगा, जनक रंगा, कप्तान सिंह, बलजीत रंगा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### संत रविदास को किया नमन

**बहादुरगढ़।** संत शिरोमणि रविदास जयंती के उपलक्ष्य में गांव सांखोल स्थित रविदास भवन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संत रविदास की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। उनके द्वारा दिखलाए गए मानवहित के रास्ते पर चलने का लोगों ने संकल्प लिया। उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का भी संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि समाज से भेदभाव दूर करने के लिए संत शिरोमणि ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। सेवा और भाईचारे से ओतप्रोत उनके संदेश सदैव कमजोर और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए पथ प्रदर्शक बने रहेंगे। अमित पहलवान, बलजीत तंवर, संजय कल्सन, नरेश, प्रेम, तेजपाल, नीरज, अमित, मीतू, शक्ति तंवर, नवीन, योगेश, अमरजीत, ललित, रणधीर, लायकराम, दीपक, भीखूराम, राज मास्टर व ओमप्रकाश आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। संत रविदास को नमन करते कार्यक्रम में मौजूद लोग। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन कप्तान बिरधाना को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए आयोजक। फोटो :हरिभूमि

### एकता व मानवता की प्रेरणा देता है गुरु रविदास का जीवन : कप्तान बिरधाना

**झज्जर।** बुधवार को जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने महान संत गुरु रविदास की 648वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने शहर के अलावा सुर्खपुर, दुजाना, जहाजगढ़, मातनहेल, मूंदसा, लडायन, सुरेहती, गिजाडौद आदि में पहुंच कर गुरु रविदास को नमन किया। अपने संबोधन में चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने संत रविदास के विचारों, उनके सामाजिक समरसता के संदेश और समाज सुधार में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास का जीवन समानता, एकता और मानवता की प्रेरणा देता है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना चाहिए। इस मौके पर उनके साथ मनीष शर्मा, सीमा दहिया, नीरज दुजाना, रमेश चंद्र, रामेश्वर गोठवाल, कृष्ण, सत्यवान सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान गुरु रविदास को नमन करते हुए विधायक गीता भुक्कल एवं समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### धूमधाम से मनाई गई गुरू रविदास जयंती

**झज्जर।** बुधवार को संत शिरामणि रविदास जी की 648वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। शहर की जाटव धर्मशाला स्थित गुरू रविदास मंदिर में हवन यज्ञ कर सर्व मंगल की कामना की। हवन के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में विधायक गीता भुक्कल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और मंदिर में माथा टेक पूजा अर्चना की। विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि संत गुरू रविदास के उपदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने विश्व में प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश दिया था। उन्होंने युवाओं से संत गुरू रविदास के दिखाए मार्ग पर चलने का आहवान किया। इस दौरान जाटव समाज प्रधान कपिल कुमार, पूर्व पार्षद जयसिंह, सुरेश दोचानिया, नरेश चांदोलिया, राजपाल ठेकेदार, महेश कुमार, महेंद्र सिंह, भारत, धन्नू राम, मनीष कुमार, धर्मेंद्र, लाजपत सहित अन्य भी मौजूद रहे। उधर, अंबेडकर चौक के नजदीक रविदास मंदिर और मंडी मौहल्ला में भी रविदास जयंती पर भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं कस्बा बेरी में झांकियां भी निकाली गई।


झज्जर। जाटव धर्मशाला में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए लोग। फोटो :हरिभूमि

## विदाई समारोह में विद्यार्थियों को दिए सफलता के टिप्स


झज्जर। विदाई समारोह के दौरान स्टाफ सदस्यों के साथ मौजूद विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** बुधवार को द हाइट्स संस्थान में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। रंगारंग कार्यक्रम के साथ ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को विदाई दी। विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए भी समां बांधा। संस्था निदेशक नवींद्र कुमार ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। यह केवल निरंतर व अथक प्रयासों के बलबूते ही पाई जा सकती है। उन्होंने आशा जताई कि सभी विद्यार्थी अथक प्रयासों से आगामी परीक्षा में बेहतरीन अंक हासिल करते हुए विद्यालय व क्षेत्र का गौरव बढ़ाएं। इस दौरान प्राचार्य जितेंद्र कुमार व विकास कुमार ने भी विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारियों के संबंध में आवश्यक टिप्स दिए।

### छारा में ग्रामीणों को किया जागरुक

**बहादुरगढ़।** बुधवार को थाना आसौदा व चौकी मांडौठी पुलिस ने आमजन को नशे नहीं करने के लिए प्रेरित किया और साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक किया। गांव छारा के बाबा संतोक धाम में आयोजित जागरूकता अभियान के दौरान एसएचओ विनोद ने लोगों को नशे के खिलाफ जारी जंग में शामिल होने का आह्वान किया। एचएसओ विनोद ने कहा कि समाज में अधिकांश अपराध नशे के कारण ही हो रहे है। शराब, गुटखा, सिगरेट, बीड़ी, खैनी के साथ लोग हेरोईन, अफीम, पोस्त आदी जानलेवा नशे लेना शुरु कर देते हैं। यह नशे की लत उनका जीवन बर्बाद कर देती है। स्वास्थ्य के साथ ही उन्हें धन की हानि होती है। नशे से हजारों लाखों घर बर्बाद हो चुके है। वे नशे की पूर्ति के लिए क्राइम का सहारा लेते हैं। उनकी हंसती खेलती जिंदगी बर्बाद हो जाती है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने व खेलों की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। साइबर अपराधों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए एसएचओ विनोद ने बताया कि हमें इंटरनेट पर अपने कार्य करने के दौरान या इंटरनेट का उपयोग करते समय बड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। हमें अपने सोशल मीडिया खातों पर एक मजबूत पासवर्ड लगाकर खातों को सुरक्षित रखना चाहिए। सोशल मीडिया पर किसी अंजान व्यक्ति से संपर्क नहीं करना चाहिए। किसी अनजान लिंक पर क्लिक करके उसे ओपन नहीं करना चाहिए। किसी अंजान नंबर से आने वाली वीडियो कॉल का उत्तर नहीं देना चाहिए। अंजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट मंजूर नहीं करनी चाहिए। किसी को भी बैंक खाता नम्बर, क्रेडिट/डेबिट कार्ड नंबर, एक्सपायरी डेट, सीवीवी नंबर, ओटीपी, आधार कार्ड नंबर व पैन कार्ड नंबर आदि व्यक्तिगत जानकारी ना दें। छोटी-छोटी सावधानियां बरतकर हम साइबर अपराध से बच सकते हैं। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत नेशनल साइबर कंप्लेंट पोर्टल नंबर 1930 पर कॉल करें।

## बेंगलुरू की टीम ने राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ का किया मूल्यांकन



झज्जर। महाविद्यालय का मूल्यांकन करने पहुंची टीम के साथ प्राचार्या डॉक्टर अनीता रानी। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद बेंगलुरु की टीम द्वारा दो दिवसीय दौरे के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ का मूल्यांकन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉक्टर अनीता रानी ने बताया कि बुधवार को डॉक्टर वाई एस सिद्देगौड़ा ने अपनी टीम के सदस्यों डॉक्टर रविकांत सिंह और डॉक्टर बालागुरुसामी के साथ महाविद्यालय का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य कॉलेज के शैक्षिक और अवसंरचनात्मक मानकों का मूल्यांकन करना था। इस दौरान टीम द्वारा महाविद्यालय की कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके अलावा टीम द्वारा अभिभावकों, पूर्व व वर्तमान विद्यार्थियों से भी महाविद्यालय में सुधार के लिए फीडबैक लिया। आईक्यूएसी संयोजक डॉक्टर अमरदीप और डॉक्टर सुरेंद्र सिंह द्वारा टीम सदस्यों को आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध कराए।

### इंग्लिश ओलंपियाड में पेस ग्रुप के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**झज्जर।** पेस ग्रुप के 56 विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। स्कूल निदेशक जय विकास ने बताया कि उनके संस्थान की सातवीं कक्षा की छात्रा सिया राठी और हिमांशी ने इंटरनेशनल रैंक एक हासिल किया। इसके अलावा तीसरी कक्षा से छात्रा रुही, गुरुमीत, शिरिषा, गेविश और गर्वित चौथी कक्षा से सोनल, हर्षाली, लक्षित, परिधि और यक्ष अहलावत, पांचवीं कक्षा से उर्वी, रिधिमा और प्रतीक छठी से कृतिका, चित्रा, प्राची, शौर्यवीर, मानवी, नव्या और साधना, सातवीं सिया राठी, हिमांशी, अश्मिता, आठवीं निशु, टिया, हर्षिता, मोहित, अमन, नौंवी से कुणाल, देव गुलिया, देव मान, इशु, नैतिक, सुहानी, निकेत, नैंसी, जय, ऋषभ गुलिया, वृंदा, तक्षय, चिराग, आशीष और कुणाल, दसवीं कक्षा से जयंत, अनिरुद्ध, उर्वशी, गरिमा, भूमिका, आयुष कादियान, नैन्सी दलाल, सुहाना और मंजीत तथा कक्षा ग्यारहवीं से दिव्या, हिमांशी और दिव्या ने गोल्ड मेडल जीता। इस उपलब्धि पर निदेशक जय विकास ने अंग्रेजी शिक्षकों सुमन, अंशू, मानसी गोदारा, ज्योति, मोनिका वत्स, हेमंत और पवन को बधाई देते हुए उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। ओलंपियाड के उत्तीर्ण विद्यार्थी निदेशक जय विकास के साथ।


झज्जर। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए आयोजक समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# स्वामी शक्तिवेश को दी श्रद्धांजलि

**झज्जर।** सिलानी गेट के टिल्ला मोहल्ला स्थित प्राचीन शिव मंदिर में स्मृति शेष स्वामी शक्तिवेश महाराज के 36वें बलिदान दिवस पर गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ-भजन-प्रवचन एवं अभिनन्दन के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में यज्ञ के ब्रह्मा मुकेश योगाचार्य ने बताया कि यज्ञ करने से वायु शुद्ध होती है जिससे प्राणी निरोग होते हैं। यज्ञ में बोले जाने वाले मंत्रों का अभिप्राय जानने व उन्हें व्यवहार में लाने पर आत्मिक बल बढ़ता है। कैबिनेट मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा के प्रतिनिधि कर्नल राजबीर शर्मा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करते हुए स्वामीवेश को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यातिथि को आयोजक समिति सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह के रूप में सत्यार्थ प्रकाश देकर सम्मानित किया गया जिस पर उन्होंने कहा कि वे इसका स्वाध्याय करेंगे। इनके अलावा आत्म शुद्धि आश्रम बहादुरगढ़ के ब्रह्मचारियों ने विभिन्न योगासन की क्रियाओं का स्मरण कराया। कार्यक्रम के अध्यक्ष स्वामी रामानन्द ने बताया कि ईश्वर की भक्ति वैदिक सिद्धान्तों को समझकर अष्टांग योग का पालन करते हुए करनी चाहिए तभी सच्चा सुख प्राप्त होगा। कार्यक्रम में नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी, प्रिसिंपल होशियार सिहं यादव, आचार्य शतक्रतु, आचार्य बालेश्वर, आचार्य सत्यकाम, सत्यपाल वत्स, ब्रह्मचारी अनन्त, ब्रह्मचारी इन्द्रजीत, पूर्व फ्लाईंग ऑफिसर महाबीर, प्राचार्य श्रीनिवास, दलपत यादव, बलजीत एडवोकेट, जिले सिंह आर्य, आचार्या अरविंद गार्गी व दीपक आर्य आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### युवाओं को फर्जी ट्रैवलिंग एजेंसी के प्रति किया सचेत

**बहादुरगढ़।** युवाओं में पढ़ाई व नौकरी को लेकर विदेश जाने की चाह बढ़ रही है। इनकी इस चाह का शातिर अपराधी लाभ उठा रहे हैं। विदेश भेजने का झांसा देकर फर्जी ट्रैवलिंग एजेंसी व एजेंट युवाओं से रुपये हड़प रहे हैं। ऐसे बढ़ते केसों को देखते हुए पुलिस की ओर से जागरूकता मुहिम चलाई जा रही है। इसी के तहत बुधवार को केएमपी यातायात थाना प्रभारी महेश कुमार व महिला थाना प्रबंधक नीलम ने सराय औरंगाबाद तथा कसार गांव में युवाओं को जागरूक किया। विदेश जाने के इच्छुक युवाओं को फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने को सचेत किया गया।अधिकारियों ने कहा कि विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रैवल एजेंट्स का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। ऐसे फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। वीजा लगवाने से पहले एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें। सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें। निरीक्षक महेश कुमार ने कहा कि बहुत से मामलों में ये फर्जी एजेंट आम लोगों को अवैध तरीके से सीमावर्ती दूसरे देशों में भेज देते हैं और वहां से जगलों, समुंद्री रास्तों, कंटेनरों द्वारा अवैध तरीके से सीमा पार करवाते हैं। इस यात्रा के दौरान बहुत से लोगों की मृत्यु भी हो जाती है। अवैध तरीके से विदेश गए लोगों के पासपोर्ट आदि दस्तावेज अपराधियों द्वारा छीन लिए जाते हैं। उनसे डरा धमका कर गलत कार्य करवाए जाते हैं।

### ताले तोड़कर मकान से आभूषण चुराए

**बहादुरगढ़।** इलाके में चोरी की वारदात बढ़ रही हैं। मकान बंद दिखते ही चोर निशाना बना लेते हैं। अब छोटूराम नगर में वारदात हो गई। यहां ताले तोड़कर चोर मकान में घुसे और लाखों के आभूषण सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर गए। लाइनपार थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, बिहार मूल का दीपक यहां परिवार सहित छोटूराम नगर में रहता है। पेशे से फोटोग्राफर है। इन दिनों दीपक का परिवार अपने गांव में गया हुआ है। वह यहां अकेला है। रात को वह काम के सिलसिले में कहीं गया था। पीछे से घर में कोई नहीं था, ताला लगाया गया था।



### युवाओं को एडवांस प्रशिक्षण देगा आईसीए

**बहादुरगढ़।** बुधवार को बहादुरगढ़ के गणपति धाम इंडस्ट्रियल एरिया में इंडस्ट्रियल सर्टिफाइड अकाउंटेंट्स प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन हुआ। युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से अशोक कुमार मित्तल द्वारा इसकी स्थापना की गई है। यहां छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण, लाइव प्रोजेक्ट्स, उद्योग विशेषज्ञों के व्याख्यान और इंडस्ट्रियल विजिट्स जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।बीजेपी जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, एसडीएम नसीब सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष सरोज राठी, बीजेपी नेता दिनेश कैशिक, नरेश भारद्वाज, भीम सिंह प्रणामी, दिनेश शेखावत व पार्षद राजेश आदि ने रिबन काटकर इस संस्थान का शुभारंभ किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अकाउंटिंग क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करने में सहायक होगा। कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, कोबी सदस्य पुरुषोत्तम गोयल, सुनील गर्ग, सुरेंद्र वशिष्ठ, तिलक राज गर्ग, नरदेव दहिया, अमरीक सिंह, सुशील पारीक, मनीष गुप्ता, संजय जैन, राजेश अग्रवाल, रमेश गुप्ता, राजेश गर्ग, विवेक खुल्लर, नवल गर्ग, विकास गुप्ता आदि ने आईसीए के डायरेक्टर अशोक कुमार मित्तल को बधाई दी। मित्तल ने बताया इस संस्थान का मुख्य उद्देश्य इंडस्ट्रियल अकाउंटिंग में व्यावहारिक और तकनीकी कौशल प्रदान कर युवाओं को उद्योगों में कार्य करने के लिए तैयार करना है।

हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, गुरूवार 13 फरवरी 2025

12 कार्यशाला में हुई चर्चा, सख्ती से लगी कन्या भ्रूण हत्या पर लगाम



12 रजिस्ट्रियों में गोलमाल का आरोप, सीएम से कार्रवाई की मांग





# गांव कबलाना में पंचायती जमीन से 12 साल पुराना कब्जा छुड़वाया

## अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर दिया कार्रवाई को अंजाम

- गांव की फिरनी पर किया गया था कब्जा
- हाई कोर्ट के आदेशों पर हुई कार्रवाई
- डीसी ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बुधवार को क्षेत्र के गांव कबलाना में हाई कोर्ट के आदेशों पर जिला प्रशासन द्वारा गांव की फिरनी पर किया गया अवैध कब्जा हटवाया गया। जिला प्रशासन की ओर से बीडीओ, गिरदावर, ग्राम सचिव के अलावा सदर थाना एसएचओ ने गांव पहुंच कर लोगों द्वारा पंचायती जमीन पर किए गए अवैध कब्जे पर पीली पंजा चलवाते हुए कार्रवाई की। इस दौरान ग्राम सरपंच उषा देवी व सरपंच प्रतिनिध हंसबीर सिंह भी मौजूद रहे। गांव के राजेश नंबरदार ने बताया कि उन्होंने अपने साथी रामकिशन के साथ वर्ष 2013 से एसडीएम कोर्ट में अवैध कब्जे के संबंध में शिकायत दी थी। इसके बाद वे हाई कोर्ट चंडीगढ़ तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि बाद में हाई कोर्ट द्वारा फैसला एसडीएम कोर्ट को सौंपा गया। जिसके संबंध में बीते वर्ष 11 मार्च को एसडीएम द्वारा राजेश के हक में निर्णय सुनाया गया। इसके बाद भी जब पंचायती जमीन पर किया निर्माण नहीं हटाया गया तो वे पांच फरवरी को डीसी से मिले जिन्होंने सप्ताह भीतर कब्जा हटवाने का आश्वासन दिया।


झज्जर। अवैध कब्जे तोड़ने के बाद गली में पड़ा मलबा।


झज्जर। अवैध कब्जा हटाते हुए जेसीबी।

### आरोप : अब भी ढाई फिट जमीन छोड़ी

यदि शिकायतकर्ता राजेश नंबर की माने तो जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण रूप से कब्जा नहीं हटाया गया है। अभी भी ढाई फुट जगह छोड़ दी गई है। उन्होंने बताया कि 351 नंबर गली पर किए गए कब्जे में दो लोग शामिल थे जिनमें से एक व्यक्ति द्वारा किया पूर्ण कब्जा हटा दिया गया है वहीं दूसरे व्यक्ति के हिस्से में अभी ढाई फुट कब्जा छोड़ा गया है। यह रास्ता साढ़े सौलह फुट का मुख्य रास्ता था जिसे स्कूली बच्चों व ग्रामीणों द्वारा आवाजाही के उपयोग में लाया जाता था।

## खबर संक्षेप



### पार्षद पुत्र की याद में लगाया पौधा

**बहादुरगढ़।** भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा के भतीजे सौरभ छिकारा की तेरहवीं पर हुए हवन में पहुंचकर शहर के गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा के दिवंगत पुत्र सौरभ की याद में परिवार ने मौलसिरी का पौधा भी लगाया। संघ की ओर से प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह चौहान द्वारा शोक प्रस्ताव पढ़ा गया। सतपाल राठी, बलबीर दलाल, विकास आनंद सोनी, नरेंद्र छिकारा, नरेश भारद्वाज, भीम सिंह प्रणामी, सत्यपाल सहवाग, जयपाल सांगवान, मूर्ति छिकारा, अनिल छिकारा, शीला छिकारा, वंदना, प्रियांशु छिकारा, डॉ संदीप छिकारा, नेहा, मास्टर ओमप्रकाश, विनोद दहिया, विजय कुमार, राजीव विजयरण, महताब छिकारा आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### प्रमाण पत्र के लिए 31 मार्च तक करें आवेदन

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने ऐसे अलॉटियों को अवसर प्रदान किया हैं जिन्होंने अपने रिहायशी, व्यवसायिक, संस्थागत या समूह आवासीय संपत्तियों के वैध रिहायशी प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किए हैं। ऐसे अलॉटी 31 मार्च तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### एटीएम कार्ड बदलकर निकाले चालीस हजार

**झज्जर।** शहर के सिलानी गेट क्षेत्र में एक व्यक्ति का एटीएम बदलकर धोखाधड़ी से चालीस हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में शहर के सेक्टर 6 निवासी जयकिशन ने बताया कि वह बीती नौ फरवरी की दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे सिलानी गेट स्थित एक बैंक के एटीएम से रुपये निकालने गया था। उस दौरान एक अंजान व्यक्ति ने मदद के बहाने उसका एटीएम पिन जान लिया। इसके बाद उसने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी से उसके खाते से चालीस हजार रुपये निकाल लिए।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आठ मार्च को

**झज्जर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया के मार्गदर्शन में झज्जर व बहादुरगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत आठ मार्च को लगेगी।

# दो बाइकों की टक्कर हुई युवक की मौत, दो घायल


झज्जर। पोस्टमार्टम के लिए आवश्यक कार्रवाई करते पुलिसकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव गिरावड़ के नजदीक हुई दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सरस्वती कालोनी कुरूक्षेत्र निवासी करीब 42 वर्षीय दर्शनलाल पुत्र हरबंस के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि झज्जर-सांपला मार्ग पर दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हुई है जबकि दो लोग घायल हैं। मृतक के पुत्र अमरजीत की शिकायत पर आरोपी मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने इस संबंध में कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करता था दर्शनलाल

पुलिस को शिकायत में मदर्शनलाल के पुत्र अमरजीत ने बताया कि वह अपने पिता के साथ गिरावड़ क्षेत्र के ईंट भट्ठे पर लेबर का कार्य करता था। 11 फरवरी की शाम पिता दर्शनलाल अपने साथी विनोद के साथ बाइक पर जबकि मैं अपने साथी गोरखाराम के साथ ट्रैक्टर पर सामान लेने के लिए झज्जर आए थे। जब वापिस लौट रहे थे तो उसके पिता अपने साथी के साथ बाइक पर आगे चल रहे थे। वे गिरावड़ के नजदीक पहुंचे तो उनकी बाइक को सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। इस टक्कर में दर्शनलाल व विनोद को चोटें आई। वे उसे उपचार के लिए गिरावड़ के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया।

# निखिल ने जेईई मैन्स में किया क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एल ए सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छात्र निखिल वत्स ने जेईई मेंस टेस्ट क्वालीफाई कर स्कूल का नाम रोशन किया है। निखिल वत्स ने 98.64 प्रसांटाइल प्राप्त की। स्कूल परिसर में निखिल वत्स का जोरदार स्वागत किया गया।

स्कूल प्रबंधक के एम डागर ने बताया कि निखिल ने अपने लक्ष्य को निर्धारित करते हुए जेईई मेंस टेस्ट क्वालीफाई कर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया,जयदेव दहिया, अनिता गुलिया,नीलम दहिया ने निखिल वत्स को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर रविंद्र लोहचब, पुष्पा यादव, अमित लोहचब, संजीत सांगवान सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। होनहार विद्यार्थी को मिठाई खिलाते हुए स्कूल संचालक जगपाल गुलिया।

### सांखोल गांव से लापता युवक का सुराग नहीं

**बहादुरगढ़।** सांखोल गांव से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। दो दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। खरखोदा के निवासी सन्नी का कहना है कि वह फिलहाल खरखौदा में रहता है।

मेरा 19 वर्षीय लड़का नितिन मानसिक रूप से बीमार है। दस फरवरी को वह घर से बाहर गया लेकिन वापस नहीं आया। तब से लेकर अब तक उसे तलाश रहे हैं लेकिन कुछ सुराग नहीं लग पाया है। उधर, सेक्टर-6 थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस युवक की तलाश में जुटी हुई है।

# जेईई मैन्स में संस्कारम स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम स्कूल खातीवास के विद्यार्थियों का जेईई मेन्स के पहले सेशन का परिणाम शानदार रहा। स्कूल के पांच विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की। संस्थान के छात्र शुभम कौशिक ने 99.85 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। वहीं समीर ने 97.46, तनिष्क सुपुत्र 97.30, शुभम यादव ने 96.34, अर्पित ने 94.81 परसेंटाइल प्राप्त कर स्कूल व परिजनों का नाम रोशन किया है।

संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने सफल विद्यार्थियों व स्कूल के फैकल्टी मेंबर्स को बेहतरीन परिणामों के लिए बधाई दी। उन्होंने चयनित छात्रों का उत्साहवर्धन किया और आगामी परीक्षाओं में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।



झज्जर। संस्कारम स्कूल के होनहार विद्यार्थी खुशी मनाते हुए।

# खेतों में हो रही चोरी की वारदातों ने बढ़ाई किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

चोरी की वारदातों ने किसानों की परेशानी भी बढ़ा रखी है। आए दिन किसी न किसी गांव के खेत से मोटर, बिजली की तार सहित अन्य कृषि उपकरणों की चोरी हो रही है। इस वजह से किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। उनका कामकाज भी बाधित हो रहा है। बीते कुछ दिनों में यहां आधा दर्जन गांवों में वारदात हो चुकी है। ताजा मामला गांव कुलासी का है। यहां के निवासी रमेश चंद्र का कहना है कि उसने अपने खेत में सोलर मोटर की व्यवस्था कर रखी है। मंगलवार की रात को खेत से काम कर लौटा था। तब तक सब कुछ ठीक थ लेकिन बुधवार की सुबह खेत में गया तो मोटर और करीब एक एकड़ में फैली बिजली की तार नहीं मिली। अपने स्तर पर जांच की और ग्रामीणों से पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं चला। अज्ञात चोर वारदात को अंजाम दे गए हैं। उनका कामकाज भी प्रभावित हो गया है।

# रजिस्ट्रियों में गोलमाल का आरोप, सीएम से कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

तहसील में होने वाली रजिस्ट्रियों में भारी गोलमाल का आरोप लगाते हुए ग्रीवेंस कमेटी सदस्य जसबीर सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से सख्त कार्रवाई की मांग की है। जसबीर ने सीएम को बताया कि कुछ महीनों से अधिकारियों द्वारा अवैध कॉलोनियों में जमकर रजिस्ट्री की जा रही हैं। इस खेल की गहराई से जांच हो तो गोलमाल की पूरी कहानी सामने आ जाएगी। अवैध कॉलोनी में पैसे लेकर धड़ल्ले से रजिस्ट्री की जा रही हैं। उन्होंने इस गंभीर मामले पर स्थानीय नेताओं की चुप्पी पर भी सवाल उठाए।

जसबीर ने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी के नियमों में सरकार द्वारा ढील देने का अधिकारियों ने मनमाने ढंग से नाजायज फायदा उठाना शुरू कर दिया है। अधिकतर नेता व अधिकारी प्रॉपर्टी डीलर बने हुए हैं। मिलीभगत से इस घोटाले को अंजाम दिया जा रहा है। जसबीर ने मुख्यमंत्री से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।


बहादुरगढ़। मुख्यमंत्री से रजिस्ट्री घोटाले की शिकायत करते जसबीर सैनी।

### हथियार सप्लाई करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने अवैध हथियार सप्लाई करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार किया है। सीआईए वन बहादुरगढ़ प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने 23 जनवरी को बहादुरगढ़ शहर से एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ काबू किया था।

मामले में जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि यह हथियार आसंडा के निवासी प्रविंद्र से लिया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए प्रविंद्र को काबू कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### पीसीपीएनडीटी एक्ट को लेकर वर्कशॉप में हुई चर्चा

# सख्ती से लगी कन्या भ्रूण हत्या पर लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के जीवन ज्योति अस्पताल में लिंगानुपात में सुधार, पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रभावी इस्तेमाल और बेटी बचाओ अभियान को आगे बढ़ाने के लिए जिलास्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। आईएमए बहादुरगढ़ के सहयोग से हुई कार्यशाला में मुख्यअतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ. ब्रह्मदीप सिंह उपस्थित रहे। बता दें कि केंद्र से लेकर प्रदेश की सरकार ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान चला रखा है। सीएमओ डॉ. ब्रह्मदीप सिंह ने बताया कि भारत सरकार ने वर्ष 1994 में पीसी-पीएनडीटी एक्ट (गर्भधारण एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक-विनियमन तथा दुरुपयोग अधिनियम) बनाया था। इसके अंतर्गत जांच करने वाले केंद्रों, प्रयोगशालाओं व अल्ट्रासाउंड केंद्रों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से भ्रूण लिंग की जांच कर उसका परिणाम बताना गैरकानूनी है। ऐसा करने पर 3 से 5 वर्ष की कैद तथा 50 हजार से एक लाख तक का जुर्माना हो सकता है। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश घर से ही लग सकता है। इसके लिए मानसिकता बदलने की जरुरत है। पति व पत्नी को बिना किसी सामाजिक भय व परवाह के इस मामले में स्वच्छंद भाव से निर्णय लेने की जरुरत है। कार्यशाला के दौरान वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति मलिक ने कहा कि पीसीपीएनडीटी एक्ट को प्रभावी बनाने में हरेक व्यक्ति को आगे आने की आवश्यकता है। कानूनी पहलू व्यवहारिक तौर पर अमल में आने से कन्या भ्रूण हत्या कम हुई है। बदलाव की बयार तेजी से बह रही है। लड़कियां हर क्षेत्र में बाजी मार रही हैं। आधुनिकता कारण भी ऐसे मामलों में कमी आई है। अशिक्षा व अज्ञानता को दूर कर कन्या को बचाने के लिए मानसिकता में बदलाव की जरूरत है।


बहादुरगढ़। वर्कशॉप में उपस्थित सीएमओ डॉ. ब्रह्मदीप सिंह व अन्य।

### उनसे पूछिए इस दर्द के बारे में जिन्हें बेटियां नहीं हैं : डॉ. राजरानी बंसल

आईएमए बहादुरगढ़ की प्रेजिडेंट डॉ. राजरानी बंसल ने कहा कि बेटिया अनमोल हैं। उनसे पूछिए इस दर्द के बारे में जिन्हें बेटियां नहीं हैं। बेटियों की सुरक्षा हर हाल में करने की जरूरत है। पीसीपीएनडीटी कानून की वजह से भ्रूण हत्या के मामलों में कमी आई है। अज्ञानता व अशिक्षा के कारण भ्रूण हत्याएं ज्यादा होती थी। सामाजिक स्तर पर भी इस दिशा में हर किसी को प्रयास करना होगा, तभी इस कुरीति से मुक्ति संभव है। कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए महिलाओं को ज्यादा सशक्त होने और कानून के सख्ती से पालन की जरुरत है।

# आश्रम में उत्साह से मनाया गया मातृ-पितृ दिवस


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में अपनी माताओं से आशीर्वाद लेते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव बामड़ोली में स्थित आसाराम आश्रम में मातृ, पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने-अपने माता-पिता का पूजन किया। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। आश्रम के प्रवक्ता नवीन मल्होत्रा ने बताया कि युवा पीढ़ी को पश्चिमी सभ्यता से बचाने, उसे सही दिशा देने और सच्चे प्रेम की पहचान कराने के उद्देश्य से आसाराम बापू ने 2006 में 14 फरवरी का दिन मातृ, पितृ पूजन के रूप में मनाने का शंखनाद किया था। तभी से यह पर्व पूरे विश्व के 200 से ज़्यादा देशों में सभी जाति-धर्म, मज़हब, पंथ के लोगों द्वारा समान भाव से अत्यंत उल्लास के साथ मनाया जाता है। आश्रम के स्वयंसेवी साधकों द्वारा इस महापर्व का प्रचार प्रसार करके स्थानीय विद्यालयों, शिक्षा प्रतिष्ठानों, मंदिरों, ट्यूशन सेंटरों में जाकर बच्चों को जागरूक किया गया था। कार्यक्रम में आभा, अनीता सहित साधक व बच्चे उपस्थित रहे।